सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**Department of Information Technology & Communication**

## यू.ओ. नोट

विषय :– **ई–मित्र परियोजना के माध्यम से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रो का निस्तारण करने के क्रम में।**

जैसा की आपको विदित है कि माननीया मुख्यमंत्री महोदया के द्वारा जिलो मे भ्रमण किया जा रहा है। माननीया मुख्यमंत्री महोदया के द्वारा जिलो मे भ्रमण के द्वारा ध्यान मे लाया गया कि ई–मित्र कियोस्को के माध्यम से आवेदन किये गये आवेदन पत्रो का निस्तारण तय समय पर नही किया जा रहा है। उक्त शिकायतो को माननीया मुख्यमंत्री महोदया के द्वारा गम्भिरता से लिया गया है।

इसी क्रम में निवेदन है कि वर्तमान मे लगभग 51000 ई–मित्र कियोस्को के माध्यम से 400 से ज्यादा सेवाऐं आमजन को उनके निवास स्थान के नजदीक उपलब्ध करवाई जा रही है। ई–मित्र के माध्यम से आपकी विभाग की सेवाऐं भी प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार मे आम आदमी के विश्वास को बनाये रखने के लिए आवेदन पत्रो को समय पर निस्तारण किया जाना आवश्यक है। आवेदन पत्रो के तय समय पर निस्तारण हेतु सरकार द्वारा **राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम 2011** लागु किया हुआ है।

ई–मित्र कियोस्को के माध्यम से आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओ की प्रभावी मॉनटरिंग करने हेतु ई–मित्र पोर्टल पर **"Central Pendency Dashboard"** बनाया गया है। उक्त डैशबोर्ड के माध्यम से समस्त शासन सचिव, संभागीय आयुक्त, कलक्टर एवं कार्यालयध्यक्ष अपने–अपने विभागो के लम्बित आवेदन पत्रो की Login कर संभाग/जिला/विभाग एवं सेवा वार मॉनटरिंग की जा सकती है।

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त डैशबोर्ड के माध्यम से समय–समय पर अपने विभाग की तय समय से अधिक लम्बित आवेदन पत्रो के निस्तरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का श्रम करे।

इस सम्बन्ध मे कोई प्रश्न/डैशबोर्ड का प्रशिक्षण इत्यादि की आवश्यकता है तो इसके लिए श्री आर. के.शर्मा, संयुक्त निदेशक, फोन नम्बर : 9413387309, ई–मेल : rksharmadoit@gmail.com, सूचना प्रौद्योगिकी एंव संचार विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

(अखिल अरोरा)
प्रमुख शासन सचिव

**अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव,**
राजस्थान सरकार।

क्रमांक F 5(373)DoIT/Tech/09/Part-V/ 00279
दिनांक 02/05/2018